भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3074
06 अगस्त, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

भारत-नेपाल सीमा पर एम्स की स्थापना

3074. श्री सुनील कुमार:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या भारत-नेपाल सीमा पर सुदूर स्थित वाल्मीकि नगर में एम्स अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव है; और
(ख)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रवीण पवार)

(क) और (ख): भारत सरकार की प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत देश के सभी राज्यों में चरणबद्ध रूप में एम्स स्थापित करने की योजना है। जहां तक बिहार का संबंध है, पटना में एक एम्स पहले ही स्थापित कर दिया गया है और यह क्रियाशील है। एक और एम्स दरभंगा के लिए भी अनुमोदित कर दिया गया है। वाल्मीकि नगर में एक नया एम्स स्थापित करने का कोई प्रस्ताव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

*****